कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.08.2024

// रिपोर्ट //

गर्ल्स कॉलेज में प्लेसमेन्ट पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में आज दिनांक 12/08/2024 को प्लेसमेन्ट एवं कॅरियर गाइडेन्स सेल द्वारा ‘‘प्लेसमेन्ट अवरनेस प्रोग्राम के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के सौजन्य से किया गया।

कार्यक्रम में प्रिज्म ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती ख्याति साहू ने आज के समय में प्लेसमेन्ट की आवश्यकता एवं महत्व के संबंध में छात्राओं से चर्चा की।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस एकदिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को रोजगार के प्रति जागरूक कर उन्हें इसके लिये तैयार करना है। प्रिज्म ग्रुप की प्राध्यापिका कु. प्रियंका चौहान ने बायोडाटा बनाने एवं साक्षात्कार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। इस संबंध में छात्राओं की लिखित योग्यता परीक्षा ली गई।

उक्त कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या स्नातकोत्तर कक्षायें की छात्रायें उपस्थित थे।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 18.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

महाविद्यालय में पात्रा कार्पोरेशन द्वारा प्लेसमेन्ट

दिनांक 18/09/2024 को शास.डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में प्लेसमेन्ट एवं कॅरियर काउसिलिंग सेल द्वारा रायपुर स्थित मल्टी नेशनल कंपनी ''पात्रा कार्पोरेशन'' द्वारा प्लेसमेन्ट ड्राइव आयोजित की गई। कंपनी के जनरल मैनेजर श्री विकास त्रिपाठी ने कंपनी की स्थापना से लेकर कंपनी के रोजगार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विषयों की लगभग स्नातकोत्तर छात्राओं ने भाग लिय। चयन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जायेगी। प्रथम चरण में समस्त छात्राओं को ग्रुप में बांटकर समूह चर्चा आयोजित किया गया। प्रत्येक ग्रुप को एक-एक विषय दिया गया। उक्त चरण में चयनित 30 छात्राओं का इंटरव्यू लिया गया।

अंतिम चरण में उक्त चयनित छात्राओं का Computer Skill/Language में Command etc. Virtual Test लेकर फाईनल सलेक्शन किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम में प्लेसमेन्ट सेल प्रभारी डॉ. अनिल जैन, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता गुप्ता एवं भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव उपस्थित थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 27.09.2023

// रिपोर्ट //

गर्ल्स कॉलेज में NEIBUS पर दो दिवसीय कार्यशाला

शासकीय डॉ. वामन वसुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेन्ट एवं कॅरियर गाईडेंस सेल द्वारा National Institute For Entrepreneurship And Small Business Development पर दो दिवसीय कार्यशाला दिनांक 26/09/2024 एवं 27/09/2024 को आयोजित की गई। प्लेसमेन्ट प्रभारी डॉ. सुनीता गुप्ता ने बताया कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को लघु उद्योग के प्रति जागरूक करना है जिससे भविष्य में वे स्वावलंबी बन सकें। NEIBUS संस्था की प्रशिक्षिका श्रीमती अनिता एवं श्रीमती विजयलक्ष्मी ने छात्राओं को विभिन्न लघु उद्योगों के बारे में बताया जिसकी समय-समय पर शासन द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सुनीता गुप्ता द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला में प्राध्यापकों एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)